# शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली

**अभ्यास प्रश्न पत्र (सत्र: 2023-2024)**

**कक्षा: दसवीं** **विषय: हिंदी (002)**

**अवधि: 3 घंटे** **पूर्णांक: 80**

**सामान्य निर्देश:**

- इस प्रश्न-पत्र के दो खण्ड हैं- खंड-'अ' और खंड 'ब'। खंड अ में वस्तुपरक / बहुविकल्पी और खंड ब में वस्तुनिष्ठ / वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं।
- प्रश्नपत्र के दोनों खंडों में प्रश्नों की संख्या 17 है और दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
- यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।
- खंड-अ में कुल 10 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 44 है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 40 उपप्रश्नों के उत्तर दीजिए।
- खंड-ब में कुल 7 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्पों का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**खंड - अ (बहुविकल्पी/ वस्तुपरक प्रश्न)**

प्रश्न 1.निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए। (1x5=5)

सफलता जीवन का मूल है। हम सभी जीवन में आगे बढ़ना चाहते है। एक निर्धन व्यक्ति अमीर बनाना चाहता है। एक बीमार व्यक्ति स्वस्थ होना चाहता है। एक बेरोजगार को नौकरी चाहिए। सभी किसी न किसी स्तर पर सफलता प्राप्त करना चाहते है। जीवन में आर्थिक और मानसिक स्वतंत्रता हमारी सफलता का मानक है। हमें केवल पैसे या विलासिता को जीवन का लक्ष्य नहीं बनाना चाहिए। सभी के लिए सफलता के अपने मायने होते है। जीवन में विकास करना ही सफलता है। आप जिस स्तर पर है, उससे आगे बढ़ना ही सफलता है। मगर सच्ची सफलता वही है जो हमें सुख, प्रसन्नता और शांति की तरफ लेकर जाये। अगर आगे बढ़ने से हमें जीवन में सुख का अनुभव होता है, तो वह सफलता है। सफलता प्राप्त करने के अनेक सूत्र है। आप जिस भी स्तर पर है, उस स्तर के अनुसार आप सफलता का सूत्र गढ़ सकते है। हमें शारीरिक और मानसिक रूप से खुद को मजबूत बनाना होगा। जीवन में आने वाली विपत्तियों के लिए तैयार रहना होगा। सफलता प्राप्त करना हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। सफलता हमारे जीवन को नई दिशा देती है। सफलता हमें स्वतंत्र बनाती है। हम सभी को जीवन में सफलता को अपना लक्ष्य बनाना चाहिए। सफलता हमें संपन्न, प्रसन्न और नई ऊर्जा प्रदान करता है। हम एक बहते हुए नदी की तरह बन जाते है जो सदा स्वतंत्र रूप से बहती रहती है। संघर्ष हमारे जीवन की सफलता को सार्थक बनाते है।

क. जीवन में आर्थिक और मानसिक स्वतंत्रता किसका मानक है?

A. सफलता का

B. असफलता का

C. स्वतंत्रता का

D. परतंत्रता का

ख. गद्यांश के अनुसार सफलता हमारी जीवन को क्या देती है?

A. लक्ष्य

B. नई दिशा

C. विलासिता

D. स्वतंत्रता

ग. कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए:

कथन (A) जीवन में सफलता को अपना लक्ष्य बनाना चाहिए।

कारण (R) सफलता हमें संपन्न, प्रसन्न और नई ऊर्जा प्रदान करता है।

A. कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।

B. कथन (A) गलत है और कारण (R) सही हैं।

C. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

D. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

घ. 'सच्ची सफलता के लिए प्रयास करने का आशय है।' गद्यांश में आए इस कथन के पक्ष में निम्नलिखित में से कौन-सा / कौन-से तर्क सही हैं?

1. जिस स्तर पर हैं उससे आगे बढ़ने का प्रयास।

2. संघर्ष से जूझते हुए प्रगति पथ पर अग्रसर होने का प्रयास ।

3. पैसे या विलासिता को जीवन का लक्ष्य बनाने का प्रयास।

A. 1 सही

B. 1 और 2 सही

C. 1 और 3 सही।

D. 2 और 3 सही

ङ. गद्यांश के अनुसार सदा स्वतंत्र रूप से प्रवाहित होना किसकी विशेषता है ?

A. मानव जीवन की

B. सफलता की

DoE, Delhi

C. नदी की

D. स्वतंत्रता की

प्रश्न 2.निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए। (1x5=5)

ज्यों निकल कर बादलों की गोद से
थी अभी एक बूँद कुछ आगे बढ़ी,
सोचने फिर-फिर यही जी में लगी
हाय क्यों घर छोड़कर मैं यों कढ़ी।

मैं बचूँगी या मिलूँगी धूल में,
चू पड़ूँगी या कमल के फूल में।
बह गई उस काल एक ऐसी हवा
वो समन्दर ओर आई अनमनी,
एक सुन्दर सीप का मुँह था खुला
वो उसी में जा गिरी मोती बनी।

लोग यों ही हैं झिझकते सोचते
जबकि उनको छोड़ना पड़ता है घर,
किन्तु घर का छोड़ना अक्सर उन्हें
बूँद लौं कुछ और ही देता है कर।

क. 'हाय क्यों घर छोड़कर मैं यों कढ़ी', किसने सोचा ?

A. बादल ने

B. बूँद ने

C. हवा ने

D. पानी ने

ख. 'धूल में मिलने' से आशय है -

A. अस्तित्व बचना

B. अस्तित्व बचाना

C. अस्तित्व नष्ट होना

D. अस्तित्व देखना

ग. कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए:

कथन (A) लोग यों ही हैं झिझकते सोचते, जबकि उनको छोड़ना पड़ता है घर ।

कारण (R) झिझक और सोच पर विजय प्राप्त करना ही सफलता का मूल मंत्र है।

A. कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।

B. कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

C. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

D. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

घ. कविता के अनुसार 'बह गई उस काल एक ऐसी हवा' से अभिप्राय है -

A. जीवन में उचित अवसर का मिलना

B. जीवन में उचित अवसर का न मिलना

C. जीवन में उचित अवसर ढूँढना

D. जीवन में उचित अवसर का खोना

ङ. मैं बचूँगी या मिलूँगी धूल में, चू पड़ूँगी या कमल के फूल में ।' के माध्यम से कवि ने क्या दर्शाया है?

A. सामान्य व्यक्ति की सफलता को

B. सामान्य व्यक्ति के संघर्ष को

C. सामान्य व्यक्ति के मनोदशा को

D. सामान्य व्यक्ति की असफलता को

वाक्य भेद पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर दीजिए। (1x4=4)

क. 'सीमा इसलिए स्कूल नहीं गई क्योंकि वह अस्वस्थ्य है ' – इस वाक्य का संयुक्त वाक्य होगा।

A. सीमा अस्वस्थ्य है। वह स्कूल नहीं गई।

B. सीमा से स्कूल नहीं जाया जाता।

C. सीमा अस्वस्थ्य है इसलिए स्कूल नहीं गई ।

D. सीमा अस्वस्थ्य होने के कारण स्कूल नहीं गई।

ख. 'स्वावलंबी व्यक्ति सदा सुखी होते हैं।' – इस वाक्य का मिश्र वाक्य होगा।

A. वह व्यक्ति स्वावलंबी है इसलिए सुखी है।

DoE, Delhi

https://www.evidyarthi.in

B.	जो व्यक्ति स्वावलंबी होते हैं, वे सदा सुखी होते हैं।

C.	स्वावलंबी व्यक्ति सुखी होता है।

D.	स्वावलंबन व्यक्ति को सुखी बनाता है।

ग. निम्नलिखित वाक्यों में से सरल वाक्य का उदाहरण है -

A.	वह बाज़ार गया और सेव ले आया ।

B.	जब वह बाज़ार गया तब सेव ले आया ।

C.	वह बाज़ार जाकर सेव लाया ।

D.	वह बाज़ार इसलिए गया क्योंकि सेव लाना था ।

घ.निम्नलिखित वाक्यों में संयुक्त वाक्य पहचान कर नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाला विकल्प चुनकर लिखिए ।

1.	आपने कठिन परिश्रम किया और सफल हो गए।

2.	कठिन परिश्रम करने के कारण आप सफल हुए।

3.	आपने कठिन परिश्रम किया इसलिए सफल हुए ।

4.	कठिन परिश्रम करने पर आप सफल हुए।

A.	1 और 2 सही है।

B.	2 और 3 सही है।

C.	1 और 3 सही है।

D.	2 और 4 सही है।

ङ. कॉलम 1 और कॉलम 2 को सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

| | कॉलम 1 | | कॉलम 2 |
|---|---|---|---|
| 1. | बच्चे मैदान में खेल रहे हैं। | i. | संयुक्त वाक्य |
| 2. | यदि वर्षा अच्छी होती तो उपज बढ़ जाती। | ii. | सरल वाक्य |
| 3. | रात हुई और चारों ओर अँधेरा घिर गया। | iii. | मिश्र वाक्य |

A.	1 iii, 2 i, 3 ii

B.	1 iii, 2 ii, 3 i

C.	1 i, 2 ii, 3 iii

D.	1 ii, 2 iii, 3 i

DoE, Delhi

प्रश्न 4. निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर दीजिए। (1x4=4)

क. लड़का पत्र लिखता है । (कर्मवाच्य में बदलिए) -

A. लड़का पत्र लिखता है।

B. लड़के ने पत्र लिखा।

C. लड़के द्वारा पत्र लिखा जाता है।

D. लड़के से पत्र नहीं लिखा गया।

ख. मुझसे पढ़ा नहीं जाता है। वाक्य में वाच्य है -

A. कर्म वाच्य

B. कर्तृ वाच्य

C. भाव वाच्य

D. कर्तृ और कर्म वाच्य दोनों

ग. 'विराट कोहली ने शतक लगाया'। उदाहरण है -

A. कर्म वाच्य

B. कर्तृ वाच्य

C. भाव वाच्य

D. शिल्प वाच्य

घ. निम्नलिखित वाच्यों में कर्तृ वाच्य का उदाहरण हैं -

1. सरकार शिक्षा पर बहुत खर्च करती है।

2. महिमा पतंग उड़ा रही है।

3. रमेश के द्वारा अखबार पढ़ा गया।

4. मुझसे हँसा नहीं जाता।

A. 1 और 2 सही है।

B. 2 और 3 सही है।

C. 1 और 3 सही है।

D. 2 और 4 सही है।

ङ. कॉलम 1 और कॉलम 2 को सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

| कॉलम 1 | कॉलम 2 |
|---|---|
| 1. कलाकारों द्वारा मूर्ति बनाई जाती है। | i. भाव वाच्य |

DoE, Delhi

https://www.evidyarthi.in

2. शिक्षक कक्षा में पढ़ा रहे हैं। ii. कर्म वाच्य

3. मुझसे चला नहीं जा रहा। iii. कर्तृ वाच्य

A. 1 ii, 2 iii, 3 i

B. 1 i, 2 iii, 3 ii

C. 1 iii, 2 ii, 3 i

D. 1 iii, 2 i, 3 ii

प्रश्न 5. निर्देशानुसार 'पद परिचय' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर दीजिए।

(1x4=4)

क. <u>माला</u> बहुत तेज दौड़ती है – रेखांकित पद का परिचय है।

A. संज्ञा, जातिवाचक, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक

B. संज्ञा, व्यक्तिवाचक, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ता कारक

C. संज्ञा, जातिवाचक, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्म कारक

D. संज्ञा, व्यक्तिवाचक पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक

ख. <u>वह</u> विश्वास के योग्य नहीं है।

रेखांकित पद के परिचय को पूरा करने के लिए उचित विकल्प चुनिए।

..................... सर्वनाम,.................पुरुष ............... वचन, .................. कारक

A. पुरुषवाचक, अन्य, एकवचन, करण

B. पुरुषवाचक, अन्य, बहुवचन, कर्ता

C. पुरुषवाचक, अन्य, एकवचन, कर्ता

D. पुरुषवाचक, उत्तम, बहुवचन, कर्म

ग. मोहन कल वाराणसी <u>पहुँचेगा</u>। – रेखांकित पद का परिचय है।

A. सकर्मक क्रिया, पुल्लिंग, एकवचन, भूतकाल

B. सकर्मक क्रिया, स्त्रीलिंग, बहुवचन, भूतकाल

C. अकर्मक क्रिया, पुल्लिंग, एकवचन, भविष्य काल

D. अकर्मक क्रिया, पुल्लिंग, बहुवचन, भविष्य काल

घ. तुम्हारा <u>छोटा</u> भाई क्या करता है । – रेखांकित पद का परिचय है।

A. विशेषण, गुणवाचक, बहुवचन, पुल्लिंग, भाई विशेष्य

B. विशेषण, गुणवाचक, एकवचन, पुल्लिंग, भाई विशेष्य

C. विशेषण, गुणवाचक, बहुवचन, स्त्रीलिंग, भाई विशेष्य

D. विशेषण, रीतिवाचक, बहुवचन, पुल्लिंग, भाई विशेष्य

ङ. <u>कभी-कभी</u> मैं घूमने जाता हूँ। – रेखांकित पद का परिचय है।

A. अव्यय, कालवाचक क्रियाविशेषण, 'खेलते हैं' क्रिया का विशेषण

B. अव्यय, रीतिवाचक क्रियाविशेषण, 'खेलते हैं' क्रिया का विशेषण

C. अव्यय, गुणवाचक क्रियाविशेषण, 'खेलते हैं' क्रिया का विशेषण

D. अव्यय, स्थानवाचक क्रियाविशेषण, 'खेलते हैं' क्रिया का विशेषण

प्रश्न 6. निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर दीजिए। (1x4=4)

क. निम्नलिखित पंक्तियों में अलंकार पहचानिए -

'सुबरन को ढूँढत फिरत कवि, व्यभिचारी, चोर'।

A. उत्प्रेक्षा

B. यमक

C. अनुप्रास

D. श्लेष

ख. दी गई पंक्ति में अलंकार पहचानिए -

'कलियाँ दरवाज़े खोल-खोल जब झुरमुट में मुस्काती हैं'।

A. उत्प्रेक्षा

B. उपमा

C. मानवीकरण

D. अतिश्योक्ति

ग. 'कहती हुई यों उत्तरा के, नेत्र जल से भर गए / हिम के कणों से पूर्ण मानों हो गए पंकज नए '। में अलंकार है ?

A. उत्प्रेक्षा

B. उपमा

C. मानवीकरण

D. श्लेष

घ. निम्न में से अतिश्योक्ति अलंकार का उदाहरण पहचानिए।

DoE, Delhi

A. आए अज्ञात दिशा से अनंत के घन।

B. हाय फूल-सी कोमल बच्ची, हुई राख की थी ढेरी।

C. नेत्र मानों कमल हैं।

D. राणा ने सोचा इस पार, तब तक चेतक था उस पार।

ङ. 'मेघ आए बड़े बन-ठन के संवर के' ........... में अलंकार है?

A. उत्प्रेक्षा

B. उपमा

C. श्लेष

D. मानवीकरण

प्रश्न 7. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए। (1X5=5)

बालगोबिन भगत की मौत उन्हीं के अनुरूप हुई। वह हर वर्ष गंगा-स्नान करने जाते। स्नान पर उतनी आस्था नहीं रखते जितना संत समागम और लोक-दर्शन पर। पैदल ही जाते। करीब तीस कोस पर गंगा थी। साधू को संबल लेने का क्या हक? और, गृहस्थ किसी से भिक्षा क्यों माँगें? अत: घर से खाकर चलते, तो फिर घर पर ही लौटकर खाते। रास्ते भर खँजड़ी बजाते, गाते जहाँ प्यास लगती, पानी पी लेते। चार-पाँच दिन आने-जाने में लगते; किन्तु इस लंबे उपवास में भी वही मस्ती! अब बुढ़ापा आ गया था, किन्तु टेक वही जवानी वाली। इस बार लौटे तो तबियत कुछ सुस्त थी। खाने-पीने के बाद भी तबियत नहीं सुधरी, थोड़ा बुखार आने लगा। किंतु नेम-व्रत तो छोड़ने वाले नहीं थे। वही दोनों जून गीत, स्नानध्यान, खेतीबारी देखना। दिन-दिन छीजने लगे। लोगों ने नहाने-धोने से मना किया, आराम करने को कहा। किंतु, हँसकर टाल देते रहे। उस दिन भी संध्या में गीत गाए, किंतु मालूम होता जैसे तागा टूट गया हो, माला का एक-एक दाना बिखरा हुआ। भोर में लोगों ने गीत नहीं सुना, जाकर देखा तो बालगोबिन भगत नहीं रहे सिर्फ़ उनका पंजर पड़ा है!

क. 'स्नान पर उतनी आस्था नहीं रखने' से तात्पर्य है -

A. वे गंगा को पवित्र नहीं मानते थे।

B. वे धर्म-कर्म और ईश्वर में विश्वास नहीं रखते थे।

C. उनकी रूचि संतो की संगति और लोगों को देखने में थी।

D. वे गंगा-स्नान सिर्फ़ कबीरपंथी मठ के दर्शन के लिए जाते थे।

ख. बालगोबिन भगत 'गंगा-स्नान' जाने के दौरान घर से अन्न लेकर नहीं चलते थे क्योंकि -

A. इस दौरान उपवास रखना अनिवार्य होता था।

B. उनकी पतोहू भोजन बनाकर नहीं देती थी।

C. साधू व्यक्ति अन्न साथ लेकर नहीं चलता।

D. वे भूख-प्यास से व्याकुल नहीं होते थे।

ग. 'किन्तु टेक वही जवानी वाली।' यहाँ 'टेक' से आशय है -

A. ज़िद

B. दोस्ती

C. दुश्मनी

D. व्यवहार

घ. बालगोबिन भगत की मृत्यु का क्या कारण था ?

A. तबियत बिगड़ने पर सही उपचार नहीं करना।

B. भजन गाने और खंजड़ी बजाने में लीन रहना।

C. पुराने टोटकों से अपना इलाज करना।

D. फसल की रखवाली हेतु खेत में रात गुज़ारना।

ङ. उपर्युक्त गद्यांश से बालगोबिन भगत की निम्न विशेषता पता चलती है -

A. स्वयं को शारीरिक रूप से बलवान समझते थे।

B. सिद्धांतों और आदर्शों का गहराई से पालन करते थे।

C. कठोर जीवन जीने में विश्वास रखते थे।

D. पूज़ा-पाठ और यज्ञ करना पसंद करते थे।

प्रश्न 8. 'क्षितिज' के गद्य पाठों के आधार निम्नलिखित दो बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए। (1X2=2)

क. कैप्टन चश्मे वाला -

A. जवान, मज़बूत और सेना से रिटायर सैनिक था।

B. बूढ़ा, कमज़ोर और सेना से रिटायर सैनिक था।

C. जवान, कमज़ोर और एक पैर से विकलांग था।

D. बूढ़ा, कमज़ोर और एक पैर से विकलांग था।

ख. उस्ताद बिस्मिल्लाह खान को कुलसुम की दुकान क्यों पसंद थी ?

A. संगीतमय बालूशाही के लिए।

DoE, Delhi

https://www.evidyarthi.in

B.	संगीतमय कचौड़ी के लिए।

C.	संगीतमय फिल्मों के लिए।

D.	संगीतमय अमरुद के लिए।

प्रश्न 9. निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए।

(1X5=5)

उधो, तुम हौ अति बड़भागी।

अपरस रहत सनेह तगा तैं, नाहिन मन अनुरागी।

पुरइनि पात रहत जल भीतर, ता रस देह न दागी।

ज्यौं जल माहँ तेल की गागरि, बूँद ना ताकौं लागी।

प्रीति-नदी मैं पाउँ न बोरयौ, दृष्टि न रूप परागी।

'सूरदास' अबला हम भोरी, गुर चाँटी ज्यौं पागी।।

क. गोपियों के अनुसार उद्धव भाग्यशाली हैं क्योंकि -

A.	वे प्रत्येक क्षण कृष्ण के साथ रहते हैं।

B.	वे कृष्ण का संदेश लेकर आए हैं।

C.	कृष्ण के साथ रहने पर भी कृष्ण उन्हें सम्मान नहीं देते।

D.	कृष्ण के साथ रहने पर भी, उनके स्नेह और प्रेम से वंचित हैं।

ख. कमल के पत्ते की क्या विशेषता है ?

A.	जल में रहने पर भी डूबने से बचा रहता है।

B.	कमल का पत्ता सुंदर होता है।

C.	जल में रहने से कोमल हो जाता है।

D.	कृष्ण को कमल का पत्ता प्रिय है।

ग. उद्धव ने अब तक क्या नहीं किया है ?

A.	गुड़ का स्वाद नहीं चखा है।

B.	तेल की गगरी नहीं उठाई है।

C.	प्रेम रूपी नदी में पैर नहीं डुबाए हैं।

D.	प्रेम रूपी नदी में डुबकी नहीं लगाई है।

DoE, Delhi

घ. गोपियों ने स्वयं की तुलना किसके साथ की है?

A. चीटिंयों से

B. नदी से

C. तेल की गगरी से

D. कमल के पत्ते से

ङ. उद्धव के प्रति गोपियों के कथन किस भाव को प्रदर्शित कर रहे हैं ?

A. घृणा

B. प्रेम

C. व्यंग्य

D. दया

प्रश्न 10. 'क्षितिज' के पद्य पाठों के आधार निम्नलिखित दो बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए। (1X2=2)

क. अट नहीं रही कविता में _________मास का वर्णन है।

A. पूस

B. कार्तिक

C. फागुन

D. शरद

ख. लक्ष्मण को भयभीत करने के लिए परशुराम क्या युक्ति अपनाते हैं ?

A. सिंहासन पर पैर पटकते हैं।

B. म्यान से तलवार निकाल लेते हैं।

C. अपने धनुष पर बाण चढ़ा लेते हैं।

D. बार-बार अपना कुठार दिखाते हैं।

**खण्ड-ब (वर्णनात्मक प्रश्न)**

प्रश्न 11. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित 4 प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- (2x3=6)

DoE, Delhi

https://www.evidyarthi.in

क. कैप्टन ने कभी नेताजी सुभाष चंद्र बोस के साथ काम नहीं किया था न ही वह कभी सेना में शामिल हुआ था। फिर भी लोग उसे कैप्टन क्यों कहते थे?

ख. लेखक के अनुसार संस्कृत और सभ्य व्यक्ति एक दूसरे से अलग कैसे हैं? अंतर स्पष्ट कीजिए।

ग. सुषिर-वाद्य यंत्र किन्हें कहा जाता है? शहनाई को 'सुषिर वाद्यों में शाह' का तमगा क्यों दिया जाता है?

घ. प्राध्यापिका शीला अग्रवाल ने लेखिका मन्नू भंडारी के व्यक्तित्व को किस प्रकार प्रभावित किया? विचार करते हुए लिखिए।

प्रश्न 12. पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित 4 प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- (2x3=6)

क. मुख्य गायक-गायिकाओं के गायन में संगतकार किस प्रकार अपना योगदान देता है? दो उदाहरणों से स्पष्ट कीजिए।

ख. बच्चे की दंतुरित मुस्कान का कवि के मन पर क्या प्रभाव पड़ता है? विचार करते हुए लिखिए।

ग. फागुन मास के सौंदर्य से कवि की आँखें हट क्यों नहीं पा रही हैं?

घ. कवि आत्मकथा लिखने के प्रति उदासीन क्यों है? कारण सहित लिखिए।

प्रश्न 13. पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधारित पर निम्नलिखित 3 प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 50-60 शब्दों में लिखिए- (4x2=8)

क. लेखक ने अपने आपको हिरोशिमा के विस्फोट का भोक्ता कब और किस तरह महसूस किया? 'मैं क्यों लिखता हूँ' पाठ के आधार पर लिखिए।

ख. "चाहे मैदान हो या पहाड़, तमाम वैज्ञानिक प्रगतियों के बावजूद इस देश की आत्मा एक-जैसी।"

'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के आधार पर लेखिका के इस दृष्टिकोण को स्पष्ट करते हुए उत्तर लिखिए।

ग. 'माता का आँचल बच्चों को अपेक्षाकृत अधिक सुरक्षित स्थान लगता है।' 'माता के अँचल' पाठ के आधार पर विचार कीजिए।

प्रश्न 14. निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। (6x1=6)

क. शिक्षा का बदलता स्वरूप

DoE, Delhi

भूमिका, पारंपरिक शिक्षा का बदलता स्वरूप, शिक्षा में तकनीकी समावेश, उपसंहार

ख. मोबाईल फोन का उपयोग

भूमिका, आवश्यकता, दुरूपयोग, युवाओं पर प्रभाव, उपसंहार

ग. दिल्ली में जानलेवा प्रदूषण की समस्या

भूमिका, उत्तरदायी कारण, पर्यावरण सुधार के संभावित उपाय, उपसंहार

प्रश्न 15. किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए – (5x1=5)

आपका नाम मनीष/मनीषा हैं। खेल सचिव होने के नाते अपने विद्यालय में चल रहे व्यायामशाला की स्थिति में सुधार के लिए प्रधानाचार्य को एक पत्र लिखिए।

**अथवा**

क. आपका नाम सचिन/सरला है। अभी आप आगरा और फतेहपुर सीकरी घूमने गए थे। यात्रा संबंधी अनुभव बताते हुए मित्र को पत्र लिखिए।

प्रश्न 16. क. आपका नाम शेखर/शशि है। नगर निगम दिल्ली में **सहायक** पद के लिए रिक्तियाँ निकली हैं। आप उक्त पद की योग्यता (दसवीं एवं कम्पूटर की जानकारी) को धारण करते हैं। उक्त पद के लिए आवेदन भेजने हेतु उप-आयुक्त, दिल्ली नगर निगम को लगभग 80 शब्दों में अपना एक संक्षिप्त स्ववृत्त लिखिए। (5x1=5)

**अथवा**

ख. आपका नाम दीपक/ दीपिका है। आजकल ऑनलाइन गेमिंग के नाम पर चल रहे धोखाधड़ी की शिकायत करते हुए पुलिस कमिश्नर को 80 शब्दों का ई-मेल लिख कर उचित कार्रवाई करने का निवेदन कीजिए।

प्रश्न 17. क. जल संरक्षण के प्रति जागरूकता अभियान के लिए 40 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। (4x1=4)

**अथवा**

ख. अपने बड़े भाई और भाभी की शादी की वर्षगाँठ पर 40 शब्दों में एक शुभकामना संदेश लिखिए।

DoE, Delhi

https://www.evidyarthi.in